आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 04.06.2026
समय 1305

**मुख्य समाचार :—**

- मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में निवेश से संबंधित राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति की 65वीं बैठक हुई।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश में एक माह तक संचालित किए जा रहे 'खेत बचाओ अभियान' के सफल क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया।
- दून अस्पताल में जल्द ही अत्याधुनिक डायनेमिक डिजिटल रेडियोग्राफी मशीन की शुरुआत होगी। किफायती दरों पर मिलेंगी उन्नत एक्स—रे और विशेष जांच सुविधाएं।
- अल्मोड़ा जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए बीएलओ, सुपरवाइजर और अन्य संबंधित कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**मुख्य सचिव**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में एकल खिड़की के अंतर्गत निवेश से संबंधित राज्य स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति की 65वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश में निवेश से संबंधित स्वीकृत नए प्रस्तावों को संस्तुति दी गई। मुख्य सचिव ने विभिन्न मामलों के निस्तारण में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को एकल खिड़की से संबंधित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उद्योग सचिव को भी देरी पर संबंधित से स्पष्टीकरण मांगे जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि एकल खिड़की से मिलने वाली स्वीकृतियों के लिए समय—सीमा निर्धारित है। इसके अंतर्गत ही सभी स्वीकृतियां और क्लीयरेंस दी जानी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस उद्देश्यों की पूर्ति के लिए पहले और दूसरे चरण के सभी लम्बित प्रकरणों को शीघ्र से शीघ्र निस्तारित किए जाएं।

**कृशि मंत्री**

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश में एक माह तक संचालित किए जा रहे 'खेत बचाओ अभियान' के सफल क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेशभर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सांसदों, मंत्रियों, विधायकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। देहरादून में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में कृषि मंत्री ने ग्राम पंचायत स्तर तक विशेष जागरूकता शिविर आयोजित कर किसानों को प्राकृतिक और संतुलित खेती के प्रति प्रेरित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने एप्पल मिशन के तहत किसानों को देय

राज–सहायता का भुगतान शीघ्र कराने के निर्देश दिए। साथ ही सेब पैकिंग बॉक्स की उपलब्धता और अन्य सभी तैयारियां समय पर पूरा करने पर जोर दिया, ताकि सेब बागवानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने प्रदेशभर में पॉलीहाउस निर्माण कार्यों को युद्धस्तर पर संचालित करने के भी निर्देश दिए।

## चारधाम यात्रा

चारधाम यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए परिवहन विभाग ने यात्रा मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी है। देहरादून के संभागीय परिवहन अधिकारी, प्रशासन, संदीप सैनी ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक किसी भी यात्री वाहन को पहाड़ी मार्गों पर संचालित नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यात्रा अवधि के दौरान भारी और मध्यम मालवाहक वाहनों के संचालन पर भी प्रतिबंध रहेगा, ताकि यातायात सुचारू बना रहे और जाम की स्थिति न उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि ओवरस्पीडिंग और रैश ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और श्रद्धालुओं की यात्रा को सुरक्षित बनाना है।

## कर्मचारी आयोग

राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद मकवाना ने हरिद्वार में सफाई कर्मचारियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं और उनकी समस्याओं को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने पर्यावरण मित्रों को योजनाओं से हर हाल में लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री मकवाना ने कहा कि राज्य सरकार सफाई कर्मियों के कल्याण के लिए संवेदनशील होकर कार्य कर रही है।

## दून अस्पताल

देहरादून के दून अस्पताल में जल्द ही अत्याधुनिक डायनेमिक डिजिटल रेडियोग्राफी मशीन की शुरुआत होने जा रही है। इसो मरीजों को कई तरह के एक्स–रे और विशेष जांचें किफायती दरों पर उपलब्ध हो सकेंगी। दून अस्पताल की प्राचार्य डॉ. गीता जैन ने बताया कि अस्पताल में लगातार आधुनिक मशीनें स्थापित की जा रही हैं, जिससे प्रदेशभर से आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार मिल सके।
उन्होंने अस्पताल में जल्द ही ई.आर.सी.पी. सुविधा भी शुरू की जाएगी, जिससे लिवर और पाचन तंत्र से जुड़ी गंभीर बीमारियों की जांच और उपचार में मदद मिलेगी।

## एसआईआर

अल्मोड़ा जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए बीएलओ, सुपरवाइजर, बीएलए और अन्य संबंधित कार्मिकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी युक्ता

मिश्रा ने कहा कि निर्वाचन कार्य बहुत महत्वपूर्ण और संवेदनशील है, इसलिए सभी कार्मिकों को अपने दायित्वों की पूरी जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सात जून तक विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि आठ जून से बीएलओ घर–घर जाकर मतदाता प्रपत्र भरवाने का कार्य शुरू करेंगे।

## पुनर्विकास परियोजना

देहरादून में आढ़त बाजार पुनर्विकास परियोजना को अब नई गति मिलने जा रही है। राजधानी की प्रमुख शहरी पुनर्विकास परियोजनाओं में शामिल इस महत्वाकांक्षी योजना के लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण ने रणनीति तैयार कर ली है। देहरादून में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में परियोजना की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों को इस माह के भीतर सभी लंबित कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने स्पष्ट किया कि परियोजना के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।